संक्षिप्त

सीएलजी की बैठक में चर्चा

चिड़ावा, (निसं)। सोशल मीडिया को लेकर सीएलजी मेम्बर की बैठक आयोजित हुई। चिड़ावा थाने में हुई बैठक की अध्यक्षता अनिल कुमार ने की। जिला पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार हुई बैठक में जिला पुलिस की ओर से सोशल मीडिया के जरिये चलाये जा रहे अभियान व क्राइम की रोकथाम को लेकर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सीएलची मेंबर से कहा कि वे जिला पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जुड़े। सोशल मीडिया के नुकसान व फायदों के बारे में जानकारी भी दी गई। इस मौके पर के.एम. मोदी, सत्येन्द्र कौशिक, सुरेन्द्र शर्मा, दिनेश फतेहपुरिया, सौरभ सुलतानिया, रजनीकांत ककरानिया पिंटू, कैप्टन शंकरलाल महरानिया, प्रदीप नेहरा के अलावा झण्डीप्रसाद हिम्मतरामका, प्रदीप पुजारी, मेहर कटारिया, राकेश सोनी, राधेश्याम सुखाड़िया आदि कई मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर 6 फरवरी को

सादुलपुर, (निसं)। बसपा नेता स्व. विरेन्द्र न्यांगली की 13वी पुण्य तिथि पर 6 फरवरी को शीतला चौक के पास स्थित नेहरू बाल मंदिर स्कूल राजगढ में रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। पूर्व विधायक मनोज न्यांगली ने बताया कि ०6 फरवरी को सदैव की भांति बसपा नेता स्व. विरेन्द्र न्यांगली की 13वी पुण्यतिथि पर कोरोना गाइडलाइन को मध्यनजर रखते हुए श्रद्धाजंली सभा के स्थान शितला बाजार के पास नेहरू बाल मंदिर स्कूल राजगढ में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। न्यांगली ने बताया कि रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए बसपा कार्यकर्ताओं के द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में जनसम्पर्क शुरू कर दिया है।

विदाखिलाफी के आरोप में सौंपा ज्ञापन

सादुलपुर, (निसं)। संयुक्त किसान मोर्चा सिद्धमुख ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन मार्फत तहसीलदार सिद्धमुख सौंपा गया है। वहीं ज्ञापन में केन्द्र सरकार के द्वारा किये गए विश्वासघात का केन्द्र सरकार वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। इस अवसर पर महेंद्र सिंह सहारण, कॉमरेड बेगराज, सुरेश भाटिया, दयाचंद मेहरा, नूर मोहमद, रविकुमार भाटिया, सोमवीर सांगवान, जयवीर बेनीवाल सहित काफी किसान मौजूद रहे। इसी दौरान सिद्धमुख तहसील विकास एंड किसान संघर्ष मोर्चा ने किसान मजदूर जिन्दाबाद के नारे लगते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

उद्घाटन समारोह आयोजित

चिड़ावा, (निसं)। अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के कौशल और उद्यिमता विकास संस्थान द्वारा बी.सी.बी.एफ बैच का उद्घाटन समारोह अयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ए.यू. बैंक शाखा प्रबंधक नरेश व रिलेशनशिप अधिकारी ए.यू. बैंक गौरव ने प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन किया। कोर्स ट्रेनर दलीप कुमार ने प्रशिक्षुओं का करियर के प्रति उत्साहवर्धन किया। अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के सेडी प्रबंधक विष्णु प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत किया।

कलेक्ट्रेट के गेट पर आक्रोशित किसानों ने प्रदर्शन किया

- **'तीन फरवरी से यू.पी. मिशन के तहत भाजपा को वोट न देने का किसानों से आव्हान किया जाएगा'**
- **किसान रैली में केंद्र सरकार शर्म करो, वादा खिलाफी बंद करो के नारे लगाए**

झुंझुनूं, (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय किसान महासभा, जय किसान आंदोलन, एसएफआई, डीवाईएफआई व सीटू के कार्यकर्ताओं ने सैंकड़ों की संख्या में शिक्षक भवन से जिला कलेक्ट्रेट तक राष्ट्रव्यापी विश्वासघात दिवस पर रैली निकाली तथा केंद्र सरकार द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के साथ हुए समझौते को लागू न करके जो विश्वासघात किया है एम एस पी पर कानूनी गारंटी के लिए कमेटी का निर्माण नहीं किया है। उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश व केंद्र सरकार के द्वारा किसानों पर बनाये गये झूठे मुकदमें वापस नहीं लिये गये हैं। शहीद किसान परिवारों को पांच-पांच लाख रूपए व एक एक सदस्य को नौकरी नहीं दी गई है। लखीमपुर खीरी हत्याकांड के नामजद अभियुक्त केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त कर गिरफ्तार नहीं किया है इसके खिलाफ राष्ट्रव्यापी विश्वासघात दिवस पर आयोजित किसान रैली में केंद्र सरकार शर्म करो, वादाखिलाफी बंद करो, एम एस पी को कानूनी गारंटी दो, दिल्ली में हुए समझौते को लागू करो आदि नारे लगाए गए। शिक्षक भवन में आयोजित सभा में अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड फूलचंद ढेवा, अखिल भारतीय किसान सभा के कामरेड फूलचंद बर्वर, जिलाध्यक्ष कामरेड विधाधर सिंह गिल, जिला सचिव कामरेड मदन सिंह यादव, अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि, जिलाध्यक्ष कामरेड ओमप्रकाश झारोडा, जिला उपाध्यक्ष कामरेड इंद्राज सिंह चारावास, जय किसान आंदोलन के जयपुर संभागीय अध्यक्ष कैलाश यादव, अखिल भारतीय किसान सभा के कामरेड सुमेर सिंह बुडानिया, उदयपुरवाटी तहसील अध्यक्ष कामरेड मूलचंद खंरिटा, नवलगढ तहसील अध्यक्ष कामरेड गिरधारीलाल महला, चिडावा तहसील अध्यक्ष कामरेड बजरंग लाल बराला, कामरेड विजेंद्र कुलहरि, सुभाष बुगालिया, कामरेड एसएफ आई के प्रांतीय महासचिव, कामरेड सोनू जिलोवा, अरविंद गढवाल, डीवाईएफआई के जिला महासचिव कामरेड बिलाल कुरैशी, जिलाध्यक्ष कामरेड राजेश बिजारणिया, एसएफआई के जिलाध्यक्ष कामरेड पंकज गुर्जर, जिला महासचिव कामरेड सचिन चौपडा, अनिल धायल छात्रसंघ अध्यक्ष, रामचंद्र टोडरवास, किसान महासभा के सूरजगढ प्रखंड अध्यक्ष कामरेड जयपाल बसेरा, कामरेड प्रेम सिंह, कामरेड हरी सिंह वेदी, कामरेड सहीराम माझूं, कामरेड रामनारायण ढेवा, इंकलाबी नौजवान सभा के सिंघाना प्रखंड अध्यक्ष कामरेड वासुदेव शर्मा व सिंघाना प्रखंड सचिव कामरेड खुशवीर खटाणा, जय किसान आंदोलन के मिडिया प्रभारी गोपाल तिवारी, पितराम सिंह, सुबेदार पोकर सिंह बामिल, हरफूल सिंह बलौदा, सुरेश यादव, विक्रम सैनी आदि ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि अगर समझौते को शिघ्र लागू नहीं किया तो आंदोलन तेज किया जायेगा तथा तीन फरवरी से यू.पी. मिशन के तहत भाजपा को वोट न देने का किसानों से आव्हान किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जिसमें अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि, अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष कामरेड विधाधर सिंह गिल व जय किसान आंदोलन के जयपुर संभागीय अध्यक्ष कैलाश यादव शामिल थे जिनकी तरफ से जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

38,180 क्विंटल मूंग खरीद कर रिकॉर्ड बनाया

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड के द्वारा संचालित समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद केन्द्र कृषि उपज मण्डी राजगढ में कृषको से1 नवम्बर से मूंग खरीद प्रारंभ कर कुल 9० दिवस में 1809 कृषकों से क्विटल 38,180 कुल खरीद की, जिसकी कुल कीमत 27,77,59,500 रूपये रही। समिति के अध्यक्ष गणपतराम ख्यालिया ने बताया कि सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति के द्वारा अच्छी गुणवत्ता का मूंग क्रय किया गया। इस समिति द्वारा बीकानेर खण्ड में सबसे अधिक खरीद कर पूर्व की भांती इस वर्ष भी खरीद में अपना दबदबा बरकार रखा। ख्यालिया ने बताया कि 1 जनवरी 2022 तक क्रय किये गये कृषकों के मूंग का भुगतान कृषकों के खातों में डलवा दिया गया है तथा शेष भुगतान को कृषकों के खातों में डलवाने की कार्यवाही की जा रही है। ख्यालिया ने मूंग की अच्छी खरीद के लिए सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ-साथ ही संचालक मण्डल द्वारा नियुक्त खरीद, देखरेख समिति के अध्यक्ष अमरसिंह सांगवान की भी प्रशंसा की गई।

सार-समाचार

जागरूकता प्रचार रथ रवाना

चूरू, (का सं)। कुष्ठ दिवस के अवसर पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के प्रचार रथ को सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज शर्मा, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.जगदीश सिंह भाटी कोविड नोडल अधिकारी डॉ.अहसान गौरी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने लोगों को जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर खण्ड कार्यक्रम प्रबन्धक ओमप्रकाष प्रजापत ने बताया कि इसके साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर पर भी कुष्ठ रोग की जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर सुनिता एएनएम, खण्ड एलएचवी राधा मीणा, डॉ. कमल धानिया, ओमप्रकाश माली आदि उपस्थित थे।

सराहनीय सेवाओं के लिए अभिनंदन

चूरू, (का. सं.)। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के घांघू शाखा कार्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक श्यामलाल का उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अभिनंदन किया गया। पूर्व पंच जाफर खान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सहायक विधि परामर्शी धर्मपाल शर्मा ने कहा कि प्रबंधक श्यामलाल अपनी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए याद आएंगे। शाखा प्रबंधक मुकेश चाहर, राजेश कुमार, कीर्ति पारीक, कन्हैयालाल शर्मा, पार्षद शिवकुमार शर्मा, प्रभुदयाल शर्मा, सत्यनारायण ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन राकेश शर्मा ने किया।

छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी वितरित

चूरू, (का. सं.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गौरीसर में पर्यावरण प्रेमी अमर सिंह किशनावत व मनीषा चारण के आर्थिक सौजन्य से बच्चों की पेटिका कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी मनीषा चारण ने बताया की इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय में एक पेटिका रखी जायेगी। जरुरतमंद छात्र-छात्रा अपनी आवश्कता वाली वस्तु को लिखकर पेटिका में डालेगा। यहां 15 दिन बाद पेटिका को खोला जायेगा। प्रधानाचार्य, प्रभारी व कक्षाध्यापक की अनुशंसा पर जरुरतमंद छात्र को आवश्यक वस्तुएं जैसे जूते, जुराब, बैग, स्वेटर और स्टेशनरी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। इस कड़ी०में आज छह छात्र-छात्राओं को जूते जुराब व दो छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी वितरित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे। प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने शिक्षक दंपति पर्यावरण प्रेमी अमर सिंह किशनावत व मनीषा चारण का आभार प्रकट किया।

करोना जागरूकता पर अभिनव पहल

झुंझुनूं, (निसं)। नगर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय सेठ मोतीलाल टीचर्स एजुकेशन कॉलेज में सोमवार को आयुष मंत्रालय झुंझुनूं के द्वारा सेठ मोतीलाल टीचर्स एजुकेशन कालेज झुंझुनूं में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए काढा वितरित किया गया। आयुष बैद्य डा. महेश माटोलिया आयुष विभाग राजकीय बी.डी.के. अस्पताल झुंझुनूं व सहायक कर्मचारी मेहरबानी नर्स द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को काढे का वितरण किया गया।

आचार्य के प्रवास को लेकर उत्साहित सर्व समाज

बीदासर, (निसं)। तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशमाधिशास्ता आचार्य महाश्रमण सद्भावना, नशामुक्ति, नैतिकता व अहिंसा का संदेश देते हुए अपनी धवल सेना के साथ 3 फरवरी को बीदासर में मंगल प्रवेश करेंगे। 3 फरवरी को रतना नर्सिंग होम रुकने के पश्चात 4 फरवरी को कस्बे के तेरापंथ भवन मघवासमवसरण पहुंचेंगे, जहाँ पर आचार्य के सानिध्य में 5, 6 व 7 फरवरी को 158 वां बृहद मर्यादा महोत्सव होगा। तेरापंथ धर्म संघ का मर्यादा महोत्सव अनूठा कार्यक्रम होता है जिसमें साधू-साध्वियां अपनी मर्यादाओं का पालन व समीक्षा करते हैं तथा आजीवन संघ की व्यवस्थाओं व निर्देशों का पालन करते हैं। आचार्य महाश्रमण के शुभागमन को लेकर कस्बे में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है तथा कस्बे के प्रवासी नागरिकों के आने का क्रम सोमवार को भी जारी रहा। अब तक सुनसान पड़ी हवेलियों में अब चहल-पहल शुरु हो गई है, करीब 300 से अधिक हवेलियाँ खुल चुकी हैं तथा कस्बे की गलियों व बाज़ारों में चहल-पहल के साथ-साथ लग्जरी गाड़ियाँ दौड़ने लगी है, हवेलियाँ सज गई हैं। कस्बे के आम रास्तों की साफ-सफाई व मरम्मत का कार्य जोरों पर चल रहा है। बेनर व कटआउट लग रहे हैं। बाहर से आने वाले श्रावक-श्राविकाओं के ठहरने की व्यवस्थाएं जोरों पर चल रही है। बड़े-बड़े पाण्डाल बनकर तैयार हो चुके हैं।

आचार्य महाश्रमण बृहद मर्यादा महोत्सव प्रवास व्यवस्था समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल गिड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी कार्यक्रम सरकारी गाइड लाइन व कोरोना प्रोटोकॉल के तहत संपन्न होंगें। जैन श्वेताम्बर तेरापंथ के अध्यक्ष अशोक बोथरा ने बताया कि कस्बे के चौरड़िया मुख्य मार्ग की मरम्मत व डेकोरेशन का कार्य चौरड़िया रोड़ पर स्थित जैन समाज के परिवारों ने मिलकर करवाया है।

अवैध अतिक्रमण का आरोप

सादुलपुर, (निसं)। सार्वजनिक रफेयआम भूमि व धर्मशाला के आगे अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर चूरू को शिकायत की गई है। जिस पर जिला कलेक्टर से एसडीओ एवं ईओ का कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए निर्माण कार्य रूकवाने के आदेश दिये है।

श्रीराम पुत्र सुरजाराम जाति गोस्वामी निवासी वार्ड 26 राजगढ ने जिला कलेक्टर चूरू को इस आरोप का ज्ञापन सौंपा है कि रेलवे स्टेशन सादुलपुर व पुलिस थाने के बीच एक फतेहपुरिया धर्मशाला है तथा धर्मशाला के आगे रफेयआम चौक है जो काफी कीमती भूमि है, जो कि अरबो रूपये की है।

जिस पर कुछ अज्ञात शराब ठेकेदार दुकानों का निर्माण कर रहे हैं तथा स्थानीय प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। आरोप है कि इस अरबों रूपये की सार्वजनिक भूमि पर अवैध दुकानों का निर्माण कर रहे है, उसे रूकवाया जावे तथा अवैध निर्माण रूकवाया जावे।

दिव्यांग के घर में आग लगी, सामान जलकर राख हुआ

चूरू, (का. सं.)। निकटवर्ती गांव जासासर में पिछली रात्रि को एक दिव्यांग के घर में आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जासासर गांव के सुल्तान नायक पुत्र बीरबल राम नायक के कच्चे घर में रात को अचानक आग लग गई। आग लगने से दो झौंपड़े, दो छप्परे जल गए। झौंपड़ों व छप्परों में रखा घर का सामान, कपड़े, नगदी, जेवर, चारा आदि सहित पूरा सामान जल गया। गांव के लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। पशुओं को खूंटों से खोलकर उन्हें बचा लिया। पीड़ित सुल्तान नायक चयनित परिवार से है। साथ ही दिव्यांग भी है। उसके तीन लड़कियों सहित कुल पांच संतानें हैं। आग में घर का पूरा सामान जलने से पीड़ित परिवार सदमे में है। अभी तक पीड़ित की किसी ने कोई सुध नहीं ली है। हालांकि सरपंच संदीप वर्मा व ग्राम सेवक ने पीड़ित के घर जाकर मौका मुयावना जरूर किया है। मौके पर कोई मदद नहीं की गई है और ना ही कोई घोषणा की है।

प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

चिड़ावा, (निसं)। शहर में अचानक उपखंड व तहसील कार्यालय के मैन गेट के आगे पत्थर पट्टी देखकर प्रशासन हैरान रह गया। आनन फानन में प्रशासन ने पुलिस जाब्ता और नगर पालिका के जाब्ते को मौके पर बुलाया। इसके बाद तहसील गंभीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर पहले तो पटवारी से रिपोर्ट मांगी तथा रिपोर्ट के बाद तहसीलदार ने पुलिस जाब्ता और नगरपालिका की सहायता से अतिक्रमण हटवाया। अतिक्रमी ने पत्थर पट्टी लगाकर अतिक्रमण कर रखा था। तहसीलदार गंभीर सिंह ने बताया कि अतिक्रमण किया गया तथा जिसको हटाया गया। हालांकि पंकज चौधरी निवासी चौधरी कॉलोनी चिड़ावा जिस पर अतिक्रमण का आरोप है।

गायों को गुड़ दलिया खिलाया

उदयपुरवाटी, (निसं)। शाकम्भरी रोड स्थित श्री गायत्री गौशाला में सोमवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार की शाखा उदयपुरवाटी तथा श्री कृष्ण गो ग्रास समिति के तत्वाधान में अमावस्या पर गायो को गुड दलिया खिलाया गया।

नाम परिवर्तन

मनके जयसिंह पुत्र सीताराम जाति जाट निवासी चिमनपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.) का हूं जो कि निम्न तथ्य शपथ पूर्वक बयान करता हूं यह कि मेरी पुत्री कौशल्या की कक्षा 10 वी की अंकतालिका में कौशल्या पुत्री जयसिंह दर्ज है जो सही है। जबकि मेरी पुत्री कौशल्या की कक्षा 12 वी की अंकतालिका में लिपिकिये भूलवश कौशल्या पुत्री जयसिंह पूनियां दर्ज हो गया है जो गलत है। अब मै मेरी पुत्री कौशल्या की कक्षा 12 वी की अंकतालिका में उसका नाम कौशल्या पुत्री जयसिंह पूनियां की जगह पर उसकी 10 वी कक्षा की मूल अंकतालिका के हिसाब से कौशल्या पुत्री जयसिंह दर्ज करवाना चाहता हूं, जो सही एंव सत्य है, दर्ज किया जावे।

शपथ ग्रहिता - Jai singh

'युवाओं के लिए गांधी का जीवन प्रेरणा स्त्रोत'

- **प्रधान शारदा देवठिया ने अपनी माता भगवती देवी द्वारा स्कूल को मोटी दरी स्टेज के लिए प्रदान की गई**

मण्डावा, (निसं)। शहीद रामेश्वर सिंह राजकीय माध्यमिक विद्यालय तेतरा में गांधी चिंतन की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता विषय पर प्रधानाध्यापक विजेन्द्र सिंह जानूं की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी प्रेरणा के स्त्रोत थें और उनका जीवन आने वाली पीढियों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर आजादी के संघर्ष की जिम्मेदारी गांधी जी पर न होती, तो भी वह स्वराज और स्वावलंबन के मूल तत्व को लेकर आगे बढते, गांधी जी की यह सोच आज भारत के सामने बड़ी चुनौतियों के समाधान का बडा माध्यम बन रही है। वक्ताओं ने कहा कि गांधी ने कभी अपने जीवन से प्रभाव पैदा करने का प्रयास नहीं किया, लेकिन उनका जीवन ही प्रेरणा का कारण बन गया। उल्लेखनीय है कि इस मौके पर मण्डावा पंचायत समिति की प्रधान शारदा देवठिया की प्रेरणा से उनकी माताजी भगवती देवी धर्मपत्नी स्व. प्रताप सिंह देवठिया निवासी तेतरा द्वारा स्कूल को मोटी दरी स्टेज के लिए प्रदान की गई। कार्यक्रम में महावीरसिंह शेखावत, आशीता चौधरी, आशा अठवाल, अमरचन्द व रामकरण सिंह आदि ने विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर रामप्यारी देवी, विश्वानाथ शर्मा, इंदिरा देवी, वीरेन्द्र कुमार, भोमाराम व सुरेश कुमार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थें। अन्त में प्रधानाध्यापक विजेन्द्र सिंह जानूं ने प्रधान शारदा देवठिया व भामाशाह भगवती देवी का आभार व्यक्त किया।

शहीद परिवारों का सम्मान जारी

सादुलपुर, (निसं)। भारतीय किसान संघ द्वारा जिले के शहीदों के किये जा रहे सम्मान के अन्तर्गत इकाई राजगढ के तहसील उपाध्यक्ष रेवंत सिंह राठौड़ के नेतृत्व में राजगढ तहसील के बास गूगलवा के शहीद सज्जन सिंह मलिक के परिजनों को एवं बालान गाँव के शहीद के परिजनों का भारत माता पूजन-2022 के तहत भारतीय किसान संघ द्वारा सम्मान किया गया।

उसी कड़ी में आज यह सम्मान किया गया। गौरतलब है कि भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत जिले में प्रत्येक तहसील में तहसील इकाइयों द्वारा शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जा रहा है। इस मौके पर रेवंत सिंह राठौड़, छतर सिंह वर्मा, हरपाल सिंह वर्मा, उमराव सिंह श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना तहसील अध्यक्ष नवीन सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे।

भीम BHIM — राजस्थान सरकार वन विभाग

क्रमांक: प. 1 (404) वन/2021 — जयपुर, दिनांक-07 Jan 2022

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF) राजस्थान, जयपुर।

विषय:- Diversion of 0.0312 ha. of forest land in favour of Hindustan Petroleum Corporation Ltd, Jaipur for Construction of Approach Access for Proposed Hindustan Petroleum Corporation Retail Outlet on Jaipur to Sikar Road NH52(Old NH-11) LHS on Khasra No-1099/1096 Chainage 337/744 to 337/779, At Village -Bajoor, Tehsil - Sikar, District - Sikar (Rajasthan) (FP/RJ/Approach/147757/2021)

संदर्भ:-आपका पत्रांक एफ 14 (499/43)2021/एफसीए/प्रमुवस/ 3603 दिनांक 09.12.2021

महोदय, उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित प्रस्ताव के कम में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, जयपुर द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत सामान्य स्वीकृति के तहत धारा-2 में राष्ट्रीय मार्ग-11 में खसरा नम्बर 1099/1096 ग्राम बाजौर जिला सीकर में प्रस्तावित पेट्रोल पम्प के प्रवेश एवं निकास हेतु 0.0312 हेक्टयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गई है। नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर विचारोपरान्त प्रस्ताव पर वन संरक्षक अधिनियम 1980 के अन्तर्गत धारा-2 में सामान्य स्वीकृति बाबत जारी दिशा-निर्देशों के परिपेक्ष्य Diversion of 0.0312 ha. of forest land in favour of Hindustan Petroleum Corporation Ltd, Jaipur for Construction of Approach Access for Proposed Hindustan Petroleum Corporation Retail Outlet on Jaipur to Sikar Road NH-52(Old NH-11) LHS on Khasra No 1099/1096 Chainage 337/744 to 337/779, At Village Bajoor. Tehsil - Sikar, District - Sikar की सैद्धान्तिक स्वीकृति बिना किसी वृक्ष के पातन सहित निम्न शर्तों के अध्यधीन प्रदान करती है: 1. वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा। 2. प्रत्यावर्तित वन भूमि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये नहीं किया जावेगा। 3. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एवं जीव जन्तुओ को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जावेगे। प्रत्यावर्तित क्षेत्र में रोपित किए जाने वाले को वृक्षों वन विभाग की बिना पूर्वानुमति के नहीं काटा जावे। उक्त क्षेत्र में रोपित पेड़ परिपक्व होने पर, वन विभाग के होगे। 5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल/वनक्षेत्र के आस-पास मजदूरों/स्टाफ के लिए किसी भी प्रकार का कैम्प नहीं लगाया जावेगा। 6. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदूरों/स्टाफ को रसोई गैस/केरोसिन तेल आपूर्ति की जायेगी, ताकि निकटवर्ती वनों को क्षति न हो। 7. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि के अतिरिक्त आस-पास की वनभूमि से/पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी/पत्थर काटने या भरने का कार्य नहीं किया जावेगा। 8. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा स्वयं के व्यय पर पेट्रोल पम्प में प्रवेश एवं निकास मार्ग के दोनों ओर रिक्त पड़े स्थानों पर ट्री गार्ड लगाकर तथा दोनों मार्गो के बीच के स्थान (separator island) पर कम से कम 2 फीट ऊंची दीवार बनाकर सीमांकन कर इसका उपयोग वृक्ष लगाने एवं उन्हें संरक्षित करने में किया जाएगा। यह वृक्षारोपण क्षतिपूर्ति वक्षारोपण के अतिरिक्त होगा। 9. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धान्तिक स्वीकृति की पालना के साथ एफ.आर.ए. सर्टिफिकेट प्रस्तुत करावेगा। तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा। 10. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धान्तिक स्वीकृति की पालना के साथ प्रदूषण नियंत्रण मण्डल से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर, प्रस्तुत करावेगा। तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकति पर विचार किया जावेगा। 11. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम, कानून तथा दिशा निर्देशों का पालन करेगा। 12. प्रयोक्ता अभिकरण के व्यय पर वन विभाग द्वारा शुन्य से 10 वृक्षो का पातन होने पर 100 वृक्षो तथा 10 से अधिक वृक्षो का पातन होने पर पातन किये जाने वाले वृक्षों का दस गुना संख्या में वृक्षो का वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो तक रखरखाव किया जायेगा। इस हेतु प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा वर्तमान दरों को समाहित करते हये राशि वेबपोर्टल OSMFWP (Online Submission & Monitoring of Forest &Wildlife Clearence Portal) द्वारा सृजित ई-चालान द्वारा जमा की जायेगी। 13. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के रिट पिटीशन (सिविल) 202/1995 के अन्तर्गत आई.ए. संख्या 566 एवं भारत सरकार के पत्र संख्या 5-3/2007-एफ.सी. दिनांक 05.02. 2009 तथा पत्र 12-2/2010-CAMPA दिनांक 09.06.2016 में दिये गए आदेशानुसार शुद्ध वर्तमान मूल्य (एन.पी.वी.) की निर्धारित राशि जमा की जावेगी। उपरोक्त अनुदेशों के अनुसार शुद्ध वर्तमान मूल्य तथा दूसरी सभी निधियां प्रतिपूर्ति पौधारोपण निधि प्रबंधन तथा योजना प्राधिकरण के तदर्थ निकाय के बेवपोर्टल OSMFWP द्वारा सृजित ई-चालान द्वारा जमा करायी जायेगी। जिसके उपरांत ई-चालान की छाया प्रति, जमा की गई धनराशि का बैंक चालान/यूटीआर संख्या/एनईएफटी नम्बर की छाया प्रति सहित सैद्धान्तिक स्वीकृति की अनुपालना आख्या (जिसमें जमा की गई राशि का मदवार विवरण हो) प्रेषित की जाए, तदोपरांत विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा। 14. प्रयोक्ता अभिकरण इस आशय का वचनबद्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे कि सक्षम स्तर से यदि एन.पी. वी. की दरों में बढ़ोतरी होती है तो बढी हुई धन राशि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा नियमानुसार जमा की जाएगी। 15. राज्य सरकार द्वारा दी गई इस अनुमति का प्रबोधन संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा सकेगा। 16. भारत सरकार के पत्रांक 7-23/2012/एफसी दिनांक 24.07.2013 से माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दिनांक 07.11.2012 को पारित निर्णय की पालना प्रकरण में सुनिश्चित की जावें तथा प्रकरण में जारी स्वीकृति को यूजर एजेंसी हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले एक-एक समाचार पत्र में अक्षरशः प्रकाशित करायें एवं जारी स्वीकृति की प्रतियां स्थानीय निकाय, पंचायत एवं नगरपालिका के राजकीय अधिकारियों को स्वीकृति प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय, (बी प्रवीण), शासन सचिव

आचार्य श्री महाश्रमण ने सुजानगढ़ में मंगल प्रवेश किया

- **60 से अधिक स्थानों पर आचार्यश्री का अभिनंदन हुआ**

सुजानगढ़, (निसं)। तेरापंथ धर्मसंघ के 11वें अधिशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण ने सोमवार को चूरू जिले में धवल सेना के साथ मंगल प्रवेश किया। सुजानगढ शहर की पावन धरा पर आचार्य श्री के प्रवेश के साथ उनका शहर के मुख्य मार्गो पर 60 से अधिक स्थानों पर तेरापंथ सभागर भवन तक विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व समाजों द्वारा तोरण द्वार लगाकर अभिनंदन किया व उनके दर्शन लाभ लेकर आशीर्वाद लिया।

सुजानगढ सीमा पर विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ विधायक अभिनेष महर्षि, चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष भंवरलाल पुजारी, सभापति निलोफर गौरी, कांग्रेस नेता पूसाराम गोदारा, उप सभापति अमित मारोठिया, पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, बी. एल भाटी, सुभाष बेदी, पूर्व सभापति सिकन्दर अली खिलजी, जयश्री दाधीच, धर्मेन्द्र चौरडिया, विद्या प्रकाश बागरेचा, मधु बागरेचा, रेखा राखेचा, देवेन्द्र कुण्डलिया, अजय चौरडिया, जयश्री कुण्डलिया, अंकित बागरेचा, आयुष बागरेचा, कृष्ण तंवर, राजकुमार पारीक सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया। नगरपरिषद कार्यालय में विधायक मनोज मेघवाल, सभापति निलोफर गौरी, आयुक्त सोहनलाल नायक द्वारा आचार्य श्री महाश्रमण का अभिनंदन किया गया। सीआई सत्येंद्र के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने आचार्य श्री के आगमन पर कानून व्यवस्था की कमान संभाली।

वंही प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आचार्य श्री की अगवानी की। आचार्य श्री की अगवानी में चंग की धाप व बैंड बाजो की धुन पर भी आचार्य श्री का स्वागत हुआ। सैंकडों महिलाएं ऑरेंज साडी पहनकर आचार्य श्री से सुजानगढ में चातुर्मास की मांग के साथ पदार्पण पर स्वागत किया।

प्रदेशाध्यक्ष पूनियां ने लिया आशीर्वाद - भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीष पूनियां ने तेरापंथ सभागार भवन पहुंचकर आचार्य श्री महाश्रमण के दर्शन लाभ प्राप्त कर आशीर्वाद लिया। पूनियां के साथ भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।